# दृष्टि बाधित बच्चों के लिए स्नेहम् प्रोजेक्ट बनाया

**पाली**, (नि.सं.)। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार पाली में तेरापंथ महिला मंडल ने नेत्रविकास सीमित पाली द्वारा आयोजित दृष्टि बाधित बच्चों के मसीहा ''लुई ब्रेल'' की जयंती पर स्नेहम् प्रोजेक्ट का आयोजन किया।

फ्राप्त जानारी के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ज्ञानदचंद पारख और सभापति रेखा राकेश भाटी व विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेंद्र सुराणा सचिव डिस्ट्रिक्ट क्लब, विनय बंब अध्यक्ष सीईटीपी, रिखबजी मरलेचा पार्षद उपस्थित रहे।

मंडल की अध्यक्ष उषा मरलेचा ने लुई ब्रेल को नमन करते हुए दृष्टिहीन बच्चों को कहा कि आप लुई ब्रेल की जीवनी से प्रेरणा ले और आप अपनी शक्ति और योग्यता को पहचाने और उसे सम्यक दिशा में नियोजित करें तो आपको अपनी मंजिल अवश्य मिलेगी।

स्नेह प्रोजेक्ट के अंतर्गत तेरापंथ महिला मंडल ने दृष्टिहीन बच्चों को शिक्षण सामग्री भेंट की ।



**तेरापंथ महिला मंडल ने नेत्र विकास सीमित पाली के कार्यक्रम में दृष्टि बाधित बच्चों के मसीहा लुई ब्रेल की जयंती पर स्नेहम् प्रोजेक्ट का आयोजन किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

इस अवसर पर नेत्रहीन विकास समिति के अध्यक्ष छगन लाल सालेचा व सभी अतिथियों ने मंडल के कार्य की प्रशंसा की।

कार्यक्रम में महिला मंडल उपाध्यक्ष सुषमा डागा, मंत्री दीपिका वेदमुथा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विनिता बैंगानी, मीनाजी मंडोत, सुनीता काँकरिया ,मोनिका संकलेचा, भाग्यवंती नाहर, हेमलता सोनी मंडिया, लीना वेदमुथा आदि मंडल की सदस्य उपस्थित रही।

## दाधीच साहित्य सम्मान डॉ.वीणा चूंडावत को

**जोधपुर**, (कासं)। अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद के तत्वावधान में गांधी भवन में डॉ. रामप्रसाद दाधीच प्रसाद साहित्य सम्मान 13 फरवरी को आयोजित किया जाएगा । इस आयोजन में दाधीच साहित्य सम्मान 2021 डॉ. वीणा चूंडावत को उनकी कहानी की पुस्तक राग मेघ मल्हार पर दिया जाएगा । इस कार्यक्रम में ही दाधीच साहित्य सम्मान 2020 की सम्मानित कवयित्री उषा दशोरा को भी उनकी कविता की पुस्तक भाषा के सरनेम नहीं होते के लिए सम्मानित किया जाएगा ।कोरोना महामारी के कारण 2020 का कोई कार्यक्रम नहीं हो पाया था ।

परिषद की महामंत्री डॉ पद्मजा शर्मा ने बताया कि जानी मानी उपन्यासकार एवं कहानीकार मनीषा कुलश्रेष्ठ इस सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि होंगी ।कहानी की पुस्तक राग मेघ मल्हार पर पत्रवाचन करेंगी। युवा कहानीकार संतोष चौधरी तथा कविता की पुस्तक भाषा के सरनेम नहीं होते पर पत्रवाचन करेंगे। युवा कवि दशरथ सोलंकी सम्मान स्वरूप रचनाकार को 5100 रुपए ,शॉल , प्रशस्ति पत्र और नारियल भेंट किया जाएगा।

# आफरी में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत व्याख्यान का आयोजित





**आजादी का अमृत महोत्सव के तहत शुष्क वन अनुसंधान संस्थान ( आफरी ) में नोर्थ ईस्टर्न हिल विश्वविद्यालय शिलोग ( मेघालय ) के प्रोफेसर डॉ. एस. रामाराव ने व्याख्यान दिया।**

**जोधपुर**, (कासं)। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत् शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी) में मासिक सेमिनार श्रृखला के तहत् '' ऐसेसमेन्ट ऑफ क्लोनल फिडेलिटी ऑफ फारेस्ट ट्री-ए मोलिक्यूलर साइटोजेनेटिक एपोच'' विषय पर नोर्थ ईस्टर्न हिल विश्वविद्यालय शिलोग (मेघालय) के प्रोफेसर डॉ. एस. रामाराव ने व्याख्यान दिया। उन्होने आनुवंशिकी विकास तथा आधुनिक तकनीकी के द्वारा उन्नत क्लोन्स से उत्पादकता बढाने एवं इन कार्यो मे सावधानी तथा जागरूकता से कार्य करने की महत्ता प्रतिपादित की।

आफरी निदेशक एम. आर. बालोच भा. व. से. ने बताया कि वानिकी में आनुवांशिकी शोध से सम्बन्धित व्याख्यान में वैज्ञानिकों एवं मुख्य तकनीकी अधिकारी स्तर के कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कोविड नियमों की पालना करते हुएँ वैज्ञानिकों ने अपनी शोध जानकारी से सम्बन्धित जिज्ञासाओं का समाधान प्रोफेसर रामाराव से किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन आफरी के समूह समन्वयक (शोध) डॉ. तरूणकांत ने किया।


## सार-समाचार

### दिनेश भाटी जिला संयोजक बने



**जालोर**,(कासं)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वकांक्षी योजना राष्ट्रीय पोषण मिशन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश नड्डा के निर्देशानुसार भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया की अनुमति से राष्ट्रीय पोषण मिशन कार्यक्रम की जिला कार्यकारिणी की घोषणा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने की। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मीडिया प्रभारी सुरेश सोलंकी ने बताया कि जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमे जिला संयोजक दिनेश भाटी सियाणा, जिला सह संयोजक भावेश सोनी, स्वास्थ्य स्वयंसेवक सहयोगी डॉ. शीला विश्नोई, स्वास्थ्य स्वयंसेवक सहयोगी दिनेश बारोट, महिला मोर्चा सहयोगी उर्मिला दर्जी, महिला मोर्चा सहयोगी इंदु चौधरी, चिकित्सा सहयोगी घनश्याम निंबावत, चिकित्सा सहयोगी डॉ. गणपत लाल खीचड, एनजीओ सहयोगी प्रकाश छाजेड, एनजीओ सहयोगी सवाराम, सेवा सहयोगी जितेश सोनी, सेवा सहयोगी श्रवणसिंह राव दाता, जनप्रतिनिधि सहयोगी नारायण सिंह राजपुरोहित, जनप्रतिनिधि सहयोगी रमेश कुमार राणा, आईटी सहयोगी चंद्रकांत सुंदेशा, आईटी सहयोगी करमीराम देवासी को नियुक्त किया।

### घीसू लाल पंवार को अध्यक्ष चुना



**पाली**, (नि.सं.)। आज शाम धानमंडी व्यापार संघ की मीटिंग हुई उसमें मुख्य अतिथि चैयरमैन रेखा राकेश भाटी , स्थानीय पाषर्द राधेश्याम चौहान,विकास बुबकिया के आतिथ्य में महाराणा प्रताप जन्म स्थली धानमंडी में पूर्व अध्यक्ष दौलाराम पटेल की उपस्थिति में सभी धानमण्डी व्यापारियों की सर्व सम्मति से घीसुलाल पंवार को अध्यक्ष, भीमराज चौधरी को उपाध्यक्ष, भागचन्द जैन को सचिव, लालसिंह राजपुरोहित को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया साथ में अशोक जैन,पदम मेहता,किस्तूरचन्द परिहार ,डॉ प्रकाश पूरी, खिमराज चौधरी, भेरूसिंह राजपुरोहित को सलाहकार समिति में नियुक्त किया गया और विजयराज सोनी को सरंक्षक चुना गया और साथ में हीरालाल,सुरेश,महावीर,अमर, किशोर, तेजाराम , शांतिलाल सहित धानमण्डी के व्यपारियो द्वारा स्वागत किया गया।

### सहायक वन संरक्षक को हटाने की मांग

**जोधपुर**, (कासं)। फोरेस्ट विभाग के कर्मचारी सहायक वन संरक्षक को पद से हटाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। पिछले तीन दिनों से कर्मचारी धरने पर है। कर्मचारियों का कहना है कि सहायक वन संरक्षण के विरुद् पहले से ही जैसलमेर में वित्तीय अनियमितताओं के मामले में पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज हैं। भ्रष्ट अधिकारी के इस पद पर कार्य करना कर्मचारी संघ को मंजूर नहीं है। अधीनस्थ वन कर्मचारी संघ जिला शाखा जोधपुर का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। सहायक वन संरक्षक पर संघ ने आरोप लगाया कि वन कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार ,असभ्य भाषा का प्रयोग करता है। यहां तक कि महिला वन कर्मचारियों व अधीनस्थ के साथ अभद्र व्यवहार से परेशान है। अध्यक्ष संघर्ष समिति राजस्थान अधीनस्थ कर्मचारी संघ राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि वन कर्मचारी संघ अधिकारी को भार मुक्त करवाने की मांग पर पिछले 3 दिन से धरने पर बैठे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन सुरक्षा बल) जयपुर , मुख्य वन संरक्षक जोधपुर को करवा चुके है। उन्होंने बताा कि वे वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी को भी संघ द्वारा लिखित में बता दिया गया है। संघ अध्यक्ष ने बताया कि कल संघ द्वारा एक संघर्ष समिति का गठन किया गया जो वार्ता, निर्णय, आगे के गतिविधियों को संचालित करेंगे। समिति में अध्यक्ष सहित मदनदान चारण ,मांगीलाल बिश्नोई ,श्रीमती निर्मला एव अशोक बिश्नोई सदस्य होंगे।

### विद्यार्थियों को काढ़ा पिलाया

**सिवाना**, (निसं)। बाड़मेर जिले में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिवाना में बुधवार को आयुर्वेद चिकित्सालय की और से खराब मौसम में सर्दी जुकाम बुखार से बचाव के लिए विद्यालय के विद्यार्थियों को डॉ. कविता राजपुरोहित के मार्गदर्शन में कम्पाउंडर नरपत खान, परिचारक राकेश कुमार ने इम्युनिटी बूस्टर काढा पिलाया। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहने की सलाह दी। स्वास्थ्य के लिए काढे के उपयोग का महत्व समझाया। हनवंतसिंह भायल, हाजी रमजान खान पठान अनिल कुमार सोनी वेलाराम कुम्हार कैलाश कुमार सेन सहित स्टाफ बंधु उपस्थित रहे।

### जरूरतमंद के लिए विवाह में सहयोग

**जोधपुर**, कासं)। वी क्लब जोधपुर शक्ति के तत्वावधान में बुधवार को पीएफ ऑफिस के पास जरूरतमंद बालिका के लिऐ विवाह के जरूरी सामान लहंगा साडिय़ां, बर्तन, किचन सेट, चूड़ी कड़े, सौंदर्य सामठाी भी दी गई। इसमें वी क्लब की चेयरमैन फाउंडर मधु भंडारी ने बताया इसमें अलका माथुर प्रेमलता भंडारी, वंदना माथुर, चंद्रा वंदना माथुर, वंदिता जैन और उषा गर्ग का विशेष सहयोग रहा।

### सूने घर में चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। मंगलवार को एक सूने पड़े घर पर चोरी हो गई। कुड़ी पुलिस ने बताया कि मूलत: पाली जिले के शांति नगर हाल सेक्टर 1 ए 43 में रहने वाले कमलेश पुत्र विजयसिंह राजपुरोहित ने रिपोर्ट दी कि वह निजी फर्म में नौकरी करता है। मंगलवार को वह काम पर गया हुआ था। शाम को लौटा तब घर के ताले टूटे मिले। अज्ञात चोर घर से रूपए, मूर्तियां और अन्य सामान चोरी कर ले गए।

# गाइड लाइन के साथ गणतंत्र दिवस मनाएं : नम्रता वृष्णि

**जालोर**,(कासं)। जिला कलैक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी के आयोजनार्थ तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर सम्बंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलैक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाईन के अनुसार गरिमापूर्ण एवं उत्साह के साथ किया जाये। उन्होंने कहा कि कोरोना गाइड लाईन के अनुसार कार्यक्रम में बैठक व्यवस्था के साथ ही आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी इसकी पालना की जाये। गणतंत्र दिवस पर विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कार्मिकों के नाम जिला स्तरीय समारोह में सम्मानित होने के लिये अवश्य भिजवाये।

मुख्य समारोह मे सम्मानित होने के लिये अधिकारी अभिशंषा पत्र 19 जनवरी तक अवश्य भिजवा दें। उन्होंने मुख्य समारोह स्थल जालोर स्टेडियम परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था के साथ ही समारोह के दिन सैनेटाईज के लिये सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, साफ-सफाई एवं शहर में रोशनी व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिये सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु ने जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्राप्त होने वाली गाइड लाईन के अनुसार ही इस कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जायेगा। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुकृति उज्जैनिया ने सुरक्षा व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए आयोजन को आकर्षक एवं उत्साहपूर्वक मनाये जाने की बात कही। कार्यक्रम में मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं को प्रदर्शित करती हुई झांकियां भी निकाली जायेगी। मुख्य समारोह के उपरांत दोपहर में प्रशासन व नागरिक के मध्य क्रिकेट का मैत्री मैच खेला जायेगा साथ ही निर्देशानुरूप संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

बैठक में जालोर उपखण्ड अधिकारी चम्पालाल जीनगर, सीएमएचओ गजेन्द्र सिंह देवल, जिला शिक्षा अधिकारी कमल सिंह, एडीपीसी चन्द्रकांत रामावत, महाविद्यालय के एन.सी.सी. प्रभारी डॉ. बंशी दर्जी, नगर परिषद आयुक्त महिपाल सिंह, उद्घोषक अनिल शर्मा, एन.सी.सी अधिकारी अम्बिका प्रसाद तिवारी, दलपत सिंह आर्य, शेलजा माथुर, निशा कुट्टी सहित गणतंत्र दिवस आयोजन से जुडे विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## घर में सो रही वृद्धा के कान से जेवरात पार

**जोधपुर**, (कासं)। लूणी तहसील क्षेत्र में नंदवान गांव में रात को अपने घर में सो रही 80 साल की वृद्धा के गले से कंठी और कानों की टोटियां एक लुटेरा खींचकर ले गया। टोटियां खींचे जाने से वृद्धा जख्मी हो गई। वह चिल्लाई तब तक बदमाश भाग निकला। पुलिस को सूचना मिलने पर वहां पहुंची।

लूणी थानाधिकारी देवीचंद ढाका ने बताया कि नंदवान गांव की रहने वाली 80 साल की गंगादेवी पत्नी धर्माराम पटेल रात को अपने घर में अकेली आंगन में सो रही थी। उनका घर एक गली सूने स्थान पर है। ऐसे में रात को एक बदमाश घर में घुस आया और उनके गले पर झपटा मारकर कंठी को तोड़ा, फिर कानों में पहनी सोने की टोटियां उखाड़ ली। टोटियां खींचने से कानों से खून रिसने लग गया। वह चिल्लाई मगर बदमाश भाग गया। घर में बेटा बहू नजदीक ही रहते है। उन्हें जानकारी दिए जाने के बाद पुलिस को सूचना दी गई।

वृद्धा गंगादेवी पौत्र प्रवीण के साथ थाने पहुंची और केस दर्ज कराया। थानाधिकारी ढाका ने बताया कि गंगादेवी का मेडिकल कराया गया।

## इंटक प्रदेशाध्यक्ष जगदीश श्रीमाली का स्वागत

**सरूपगंज**, (निसं)। इंटक प्रदेशाध्यक्ष जगदीश श्रीमाली बुधवार को सिरेही जिले के जेके लक्ष्मी सीमेंट जेके पूरम पहुंचे। जहां इंटक जिलाध्यक्ष इंदरसिंह देवडा के नेतृत्व में मजदूरों ने भव्य स्वागत किया गया।

वहीं इंटक प्रदेशाध्यक्ष जगदीश श्रीमाली के नेतृत्व इंटक पदाधिकारीयों ने विभिन्न मांगो को लेकर जिला कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन सौंपा। जानकारी के अनुसार इंटक युनियन में जगदीश श्रीमाली के लगातार तीसरी बार प्रदेशाध्यक्ष बनने पर प्रथम बार जेके पूरम आने पर इंटक जिलाध्यक्ष इंदरसिंह देवडा के नेतृत्व में माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान इंटक प्रदेशाध्यक्ष जगदीश श्रीमाली ने मजदूरों को सम्बोधित करते हुए इंटक हमैशा मजदूरों के हितों के लिए प्रयासरत रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूरों के हितों के साथ कुठारघात करने वालों को बख्छा नहीं जायेगा।

श्रीमाली ने कहा कि इंटक जिलाध्यक्ष इंदरसिंह देवडा हमेशा मजदूर हितों के लिए तत्पर रहते है। इस दौरान इंटक जिलाध्यक्ष इंदरसिंह देवडा ने गत दिनों जेके लक्ष्मी सीमेंट में हुए उपद्रव का जिक्र करते हुए प्रशासन को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा उन्हें पाबंद करने की मांग की। इस दौरान किशनसिंह, बीनानी इंटक युनियन अध्यक्ष मनजीतङ्क्षसह, करनी सेना जिलाध्यक्ष गोविन्दसिंह राणावत, समीराराम गराङ्क्षसया, रूपसिंह व गोविन्द पंवार ने भी सम्बोधित किया गया। समारोंह के शुभारंभ से पूर्व सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। इस दौरान नरपतसिंह शेखावत, हिम्मतसिंह गुर्जर, वि मसिंह, भोवाराम, भवरलाल पुरोहित, आजाद मेघवाल, भवरसिंह, विनोद भील, शेतानसिंह, आईटमसिंह, मीठालाल समैत काफी संख्या में मजदूर मौजूद रहे।

इंटक प्रदेशाध्यक्ष जगदीश श्रीमाली के लगातार तीसरी बार प्रदेशध्यक्ष बनने पर जेके पूरम में अभिनदंन समारोह रखा गया। समारोह के पश्चात इंटक प्रदेशाध्यक्ष जगदीश श्रीमाली के नेतृत्व में इंटक जिलाध्यक्ष इंदरसिंह देवडा सहित मजदूरों ने विभिन्न मांगो को लेकर जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद व पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव को ज्ञापन सौंपा।

## तहसीलदार का पद सृजित करने सहित मांगें पूरी होने से खुशी व्याप्त

**आबूरोड**, (निसं)। मुख्यमंत्री की ओर से नवसृजित तहसील देलदर में तहसीलदार का पद सृजित करने एवं कार्यालय के भवन व आवास निर्माण के लिए प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव कमलेश रावल ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

उन्होंने आभार जताते हुए सिरोही जिले के उपखंड कार्यालय माउंट आबू के छोटे से आदिवासी गांव देलदर को प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा जुलाई 2021 में तहसील घोषित कर समस्त उपखंड कार्यालय आबू पर्वत एवं देलदर तहसील वासियों को बहुत बडी सौगात दी थी।

इस संबंध में समस्त देलदर तहसील वासियों भाखर क्षेत्र के 24 गांवों के करीब तीस हजार आमजन की ओर से मुख्यमंत्री द्वारा नवीन नवसृजित तहसील दिलदार में तहसीलदार का पद सृजित करने एवं आवास व कार्यालय जल्द शुरू करने को बुधवार को जारी की गई प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी करने पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव एवं कांग्रेस सेवा दल के पूर्व जिला अध्यक्ष कमलेश रावल ने मुख्यमंत्री का समस्त तहसील क्षेत्र वासियों की ओर से आभार व्यक्त किया। कमलेश रावल ने कहां कि हमारी समस्याओं के लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार हमारे लिए तैयार व तत्पर है। साथ ही नवसृजित तहसील देलदर को लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव कमलेश रावल की ओर से आगामी 1 दिसंबर 2021 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर नवसृजित तहसील देलदर में तहसीलदार की नियुक्ति एवं कार्यालय भवन व आवास निर्माण के लिए बजट घोषित कर वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई थी।

मुख्यमंत्री द्वारा की गई जन घोषणा के संबंध में राजस्व विभाग के संयुक्त शासन सचिव द्वारा 3 दिसम्बर को उक्त तहसील संबंधी तहसीलदार के पद एवं भवन आवास के लिएप्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। बुधवार को मुख्यमंत्री के उप सचिव लक्ष्मण सिंह शेखावत द्वारा 1 दिसम्बर को राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव को पत्र प्रेषित कर उक्त संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया था। वही इस स्वीकृति होने से क्षेत्र वासियों में भी खुशी देखी जा रही है।

## कांग्रेस प्रधानमंत्री की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही है : कैलाश चौधरी

**बाड़मेर**, (निसं)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंजाब दौरे में सुरक्षा में चूक को लेकर कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा है।

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होती है, इसीलिए यह केवल प्रधानमंत्री की जिंदगी से खिलवाड ही नहीं है, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा से खिलवाड है। कैलाश चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और पंजाब में कांग्रेस की सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा से जो खिलवाड किया गया, वह देश में पहले कभी नहीं हुआ। कैलाश चौधरी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के काफिले को पंजाब के फिरोजपुर जिले में रोके जाने की घटना पंजाब कांग्रेस सरकार की ओछी मानसिकता और डर को दर्शाती है। पंजाब के विकास में बाधक बनने वाली कांग्रेस सरकार को विधानसभा चुनाव में वहां की जनता सबक सिखाने को तैयार है। कैलाश चौधरी ने कहा कि ओछी हरकतों के कारण देश कांग्रेस मुक्त होना चाहता है, तो क्या बौखलाहट में कांग्रेस नेता पद का दुरुपयोग कर आपराधिक लापरवाही को अंजाम देंगे।

## फर्जी बाबा ने होटल संचालक को ठगा

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के निकटवर्ती डांगियावास बाइपास रोड खारडा रणधीर की सरहद में सेंट्रो कार में आए एक फर्जी नागा बाबा और उसके दो साथी होटल संचालक को आशीर्वाद के नाम पर डेढ लाख की सोने की चेन लेकर चंपत हो गए। पीड़ित और उसके परिचित ने बाद में अपनी कार से उनका पता लगाने का प्रयास किया। मगर फर्जी नागा बाबा और उसके साथियों का पता नहीं चल पाया। पीड़ित ने एयरपोर्ट थाने में धोखाधड़ी में केस दर्ज कराया है।

एयरपोर्ट थाने के एएसआई भंवरराम ने बताया कि घटना के संबंध में फिटकासनी, कुड़ी निवासी सहीराम पुत्र बिरमाराम विश्रोई की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इस रिपोर्ट में उसने पुलिस को बताया कि मंगलवार को वह अपने परिचित बिरमाराम के साथ शादी समारोह से लौट कर घर आया था। वह डांगियावास बाइपास के निकट खारडा रणधीर की सरहद में एक होटल चलाता है। यहां पर कुछ देर रूकने के बाद दोनों पास में ही बिरमाराम के घर चले गए। तब पीछे से एक सेंट्रो कार आई। इस कार में पीछे की सीट पर एक नागा बाबा बैठा था और दो अन्य युवक भी सवार थे। यह लोग पहले से ही संभवत: पीछे से आ रहे थे।

बिरमराम के घर तक आने पर नागा बाबा बने शातिर ने सहीराम को आशीर्वाद दिया। इस पर सहीराम ने दान दक्षिणा स्वरूप उसे रूपए देने चाहे। तब नागा बाबा ने कहा कि रूपए तो उसके पास काफी पड़े है, बाबाओं को रूपयों से कोई मोह नहीं है। देना ही चाहता है गुरू की सेवा के लिए तो गले में पहने चैन दे दें। झांसे में आए सहीराम ने अपने गले में पहनी तीन तोला वजनी सोने की चेन उतार कर दे दी। बाद में बाबा ने फिर कल्याण होने का आशीर्वाद दिया और कार में सवार होकर भाग निकले।

इस घटना को सहीराम ने अपने परिचित बिरमाराम को बताया तब पता लगा कि उनके साथ धोखा हुआ है। बाबा फर्जी था।

इस पर दोनों अपनी कार लेकर फर्जी नागा बाबा की तलाश में गए। मगर उनका रात तक पता नहीं चल पाया। इस बीच पुलिस को भी सूचना मिलने पर मौका पर पहुंची और कार के लिए नाकाबंदी करवाई गई। एएसआई भंवरराम ने बताया कि आस पास के लोगों से पूछताछ में पता लगा कि संभवत: तीनों बदमाश नजदीक एक महादेव धूणा पर रूके थे। मगर तलाशी के दौरान वे वहां नहीं मिले। घटना में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। फर्जी नागा बाबा और उसके साथियों की तलाश की जा रही है।

## कथा में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया

**जोधपुर**, (कासं)। प्रताप नगर में स्थित गणेश पार्क के प्रांगण में चल रही संगीतमय श्री भागवत सप्ताह ज्ञान में कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव उत्साह पूर्वक धूमधाम से मनाया गया।इसमें श्रद्धालु जमकर थिरके। पूरा कथा परिसर भगवान श्री कृष्ण के जयकारों तथा नंद के आनन्द भयो, जय कन्हैयालाल की जय से गूंजायमान हो उठा। पांडाल के बाहर बरखारानी भी झूम कर बरसने लगी।

कथा के दौरान पंडित दामोदर भारद्वाज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड़ दी तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। जैसे ही श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग कथा में आया तो श्रद्धालु हरे राधा-कृष्ण के उदघोष के साथ नृत्य करने लगे।

कृष्ण जन्म प्रसंग के अवतार पर कन्हैया को पालने में झूलाने की झांकी को देखकर सभी श्रद्धालु आनंद विभोर हो गए। भागवत कथा प्रवक्ता दामोदर भारद्वाज महाराज ने कहा कि वैदिक सत्य सनातन धर्म के प्रवर्तक एवं रक्षक स्वयं भगवान नारायण हैं।

## अब जन आधार से मिलेगा राशन

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में सार्वजानिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा में चयनित परिवारों को आगामी माह से जन आधार कार्ड से ही राशन मिलेगा।

जिला जन आधार अधिकारी एवं जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि जिले में राशन लेने वालों के जन आधार कार्ड का जुलाई 2021 से नवम्बर 2021 तक सर्वेक्षण किया गया। जिले में राशन लेने वाले 69175 व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड में तो दर्ज है, लेकिन जन आधार कार्ड में जुड़ें हुए नहीं है।

खाद्य सुरक्षा परिवारों के ऐसे सदस्य, जिनका अब भी जन आधार कार्ड में नाम नहीं जुड़ा हुआ है। वे निकटतम ई-मित्र पर जाकर अपना जन आधार नामांकन करवाएं, ताकि योजना के तहत राशन प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

# एम्स अस्पताल के ए.सी. प्लांट में आग लगी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के एम्स अस्पताल के एसी प्लांट में आज दोपहर में भीषण आग लग गई। आग से निकला धुआं काफी दूर तक दिखाई देने लगा। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने इस आग पर काबू पाया।

एक बारगी आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी ज्यादा थी कि धुआं और लपटें दूर से नजर आ रही थीं। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट होने से एसी की 5 चिलर मशीन में से एक में आग लग गई थी। एम्स के कर्मचारियों ने सतर्कता दिखाते हुए आधे घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। सूचना पर पुलिस के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे।

एम्स के मेंटीनेंस स्टाफ व ओटी स्टाफ के पचास लोगों ने मिलकर आग बुझाई। एम्स के स्टाफ की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। एम्स के डिप्टी डायरेक्टर एन आर विश्नोई ने बताया कि एक चिलर प्लांट जला है। एम्स के एयर कंडीशनर प्लांट के पास ही ऑक्सीजन प्लांट भी लगा है।

आग ज्यादा फैलती तो काबू करना मुश्किल हो जाता। इसी के साथ ही ओपीडी, ब्लड बैंक और इमरजेंसी होने से सबसे पहले यह एरिया प्रभावित होते। आग लगते ही एसी विंग की सुरक्षा बढ़ा दी गई। वहां आस-पास किसी को आने नहीं दिया।

जोधपुर एम्स का सेन्ट्रलाइज एसी यहीं से ऑपरेट होता है। जो पूरे एम्स को ठंडा रखने के काम आते हैं। उसमें से एक चिलर पूरी तरह जल गया। आग लगने की सूचना पर बासनी से एक दमकल की गाड़ी भी पहुंची। मगर तब तक आग पर काबू कर लिया गया।

## पुलिस ने स्वसंज्ञान लेकर दर्ज किया प्रकरण

**जोधपुर**, (कासं)। मेडिकल कॉलेज रोड सिंधी कॉलोनी में रविवार की रात को एक रेस्टोरेंट में हुई तोडफ़ोड़, मारपीट एवं पत्थरबाजी का वीडियो सामने आने के बाद अब होटल संचालक सहित अन्य युवकों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस ने स्वप्रेरणा से अशांति फेलाने और कोविड की पालना नहीं किए जाने के मामले में प्रकरण दर्ज किया है। हालांकि होटल संचालक ने झगड़ा आपसी होना बताया था।

शास्त्रीनगर थानाधिकारी जोगेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार की रात को सिंधी कॉलोनी स्थित पंजाबी चिकन कॉर्नर पर झगड़े का वीडियो सोमवार को सामने आया था।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सुराणा पंचायत समिति सायला जिला जालोर**

क्रमांक/ग्रापं/2021-22/13 दिनांक 04.01.2022

**ई-बिड सूचना**

पंचायत समिति सायला के अधीनस्थ ग्राम पंचायत सुराणा में वित्तिय वर्ष 2021-22 की शेष अवधि के लिए मनरेगा एवं ग्रामीण विकास की अन्य योजनाओं के लिये निर्माण सामग्री आपूर्ति वाणिज्यक कर /जी.एस.टी. विभाग में राजस्थान वेट अधिनियम 2003 के अन्तर्गत पंजीकृत फर्मो/संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन बिड आंमत्रित की जाती है। उक्त प्रक्रिया में भाग लेने के लिए वांछित योग्यता रखने वाले बिडर विस्तृत विवरण एवं शर्तो की जानकारी के लिए ग्राम पंचायत सुराणा में सम्पर्क करें तथा विस्तृत विवरण व शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

**NIB : ZJR2122A0626**
**UBN : ZJR2122GLOB01960**

| सरपंच | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत सुराणा | ग्राम पंचायत सुराणा |
| पंचायत समिति सायला ( जालोर ) | पंचायत समिति सायला ( जालोर ) |

## सार-समाचार

### जालोर-आहोर मुख्यालय में खाद्य पदार्थों की जांच

**जालोर, (कासं)।** चिकित्सा विभाग जालोर की ओर से बुधवार से जिले में मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब वैन के माध्यम से जिले में दूध, दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों एवं मिर्च मसालों तथा अन्य पदार्थों की ऑन स्पॉट जांच की जाएगी साथ ही जांच के दौरान खाद्य पदार्थों के सैंपल फैल पाए जाने पर एफएसएसए अधिनियम के तहत नमुनीकरण की कार्यवाही की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जालोर डॉ. गजेन्द्र सिंह देवल ने बताया कि जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि के निर्देशानुसार बुधवार को जालोर व आहोर मुख्यालय में आवासीय कॉलोनियों एवं मुख्य स्थानों पर मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब वैन के माध्यम से दूध, दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों एवं मिर्च मसालों तथा अन्य पदार्थों की ऑन स्पॉट जांच की गई। उन्होने बताया कि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों में निर्माण, विक्रय किये जा रहे खाद्य पदार्थों की मौके पर ही मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब वाहन द्वारा प्रारम्भिक जांच की जाएगी विशेषकर दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थ, मिठाइयां आदि की खपत में वृद्धि होने के कारण इन खाद्य पदार्थों में मिलावट की सम्भावना भी बढ़ जाती है। मोबाईल फूड टेस्टिंग लैब के भ्रमण के दौरान घरों में उपलब्ध खाद्य पदार्थों की जांच कर रिपोर्ट जारी की जायेगी तथा खाद्य पदार्थ अमानक पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही भी की जायेगी। सीएमएचओ डॉ देवल द्वारा आमजन से अपील की गयी है कि वे उनके क्षेत्र में मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के भ्रमण के दौरान अपने खाद्य पदार्थों की जांच कराकर एवं खाद्य पदार्थों की जांच के आसान घरेलु उपाय जानकर इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

### फुटवियर मर्चेंट एसोसिएशन वित्त मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**आबूरोड, (निसं)।** फु टवियर पर जीएसटी बनाने के विरोध में फुटवियर मर्चेंट एसोसिएशन वित्त मंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन। आबूरोड फुटवियर मर्चेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम उपखंड अधिकारी आबूरोड को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि फुटवेयर पर 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत जीएसटी से छोटे एवं मझोले रस्ते जल्दी जीएसटी में राहत नहीं दी गई तो घरों में चलने वाले फुटवियर उद्योग छोटे होलसेल व्यापारी छोटे कारखाने छोटे रिटेल व्यापारी फुटपाथ व खडी ठेले पर माल बेचने वाले वेंडर जीएसटी के बोझ के चलते बर्बाद हो जाएंगे। ज्ञापन में लिखा है कि पिछले 2 सालों से लगातार कोरोना की मार झेल रहे छोटे व्यापारियों को महंगाई की मार पहले ही मार रही है जिसके चलते छोटे व्यापारी आर्थिक रूप से टूटने के साथ ही कर्ज के तले दबते जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने हाल ही में फुटवेयर पर जीएसटी स्लैब 12 प्रतिशत कर छोटे व्यापारियों को बोझ तले दबा दिया है। ज्ञापन में जीएसटी स्लेब कम करने की मांग एसोसिएशन द्वारा की गई है। इस अवसर पर अध्यक्ष रमेश जैन उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल कोषाध्यक्ष शंकर लाल गोयल सुभाष जैन इरफान भाई मणिलाल सहित अन्य फुटवियर मर्चेंट एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पीएम मोदी ने देश का विकास किया : तीर्थ सिंह

**पोकरण, (निसं)।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीर्थ सिंह ने बुधवार को पोकरण दौरा किया। नगरपालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित के निजी आवास मेभव्य स्वागत कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान पूर्व विधायक शैतान सिंह राठौड, सांकडा प्रधान भगवत सिंह तंवर,पार्षद दिनेश व्यास, जितेंद्र दयाल बोहरा, गणेश माली,भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, बीजेपी कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही पालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित ने रावत को साफा पहना कर राजस्थान के लोकदेवता बाबा रामदेव की प्रतिमा भेंट की। रावत ने प्रेस वार्ता करते हुए कहां कि नरेंद्र मोदी की विकास की नीतियों के आधार पे आने वाले राज्यो में चुनाव लड़ा जाएगा। उत्तराखंड की पहाडयों को पर्यटक के रूप में विकसित करते हुए रेल एवं सड़क मार्ग सुविधाओं से जोडा गया है। वही उत्तराखंड में आने वाले कई धार्मिक तीर्थ स्थलों पर देशी विदेशी पर्यटकों का आवागमन सुगमता से हो सके। वही देश के विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी एक पर्याय के रूप में देश का विकास सबका विकास के रूप में करते हुए देश का चौमुखी विकास हो रहा है।

### जिला कारागृह का निरीक्षण

**जालोर, (कासं)।** जिला कारागृह जालोर का बुधवार को उप महानिरीक्षक कारागार रेंज जोधपुर सुरेन्द्रसिंह शेखावत ने निरीक्षण किया।डीआईजी शेखावत के जिला कारागृह पहुंचने पर जेल गार्ड द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियो की परेड लगाकर जेल में समस्या के बारे में पूछा गया। बंदियो द्वारा किसी भीर प्रकार की परेशानी नही होना बताया गया। एवं जेल स्टॉफ आरएसी स्टॉफ की स्म्पर्क सभा ली गई। जेल परिसर एवं कर्मचारियों के आवास, बंदिया की बैरिको का निरीक्षण किया गया। जिसमें साफ सफाई पाई गई। वही जेल उपधीक्षक हडवंतसिंह ने बताया कि जेल में निरीक्षण के दौरान कारागृह की व्यवस्थाओं से संतुष्ट रहे तथा जिला कारागृह में सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी। इस अवसर पर डॉ. सुरेन्द्र कुमार चौधरी, मेलनर्स शहजादखान, मोहम्मद ताहीर, मुख्य प्रहरी प्रेमचंद प्रजापत, कानाराम एवं आरएसी हैड कॉनिस्टेबल लादूराम, प्रहरी हेमचंद, मांगी, आरएसी कॉनिस्टेबल हरखाराम, राजेन्द्र एवं अग्रेन्द्र आदि उपस्थित थे।

### बिजली के करंट से दो की मौत

**आबूरोड, (निसं)।** आबूरोड के रीको थाना क्षेत्र के वासडा गांव में आज 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से एक मकान में काम कर रहे हैं दो फर्नीचर कारीगरो की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर रीको थाना पुलिस मौके पर पहुंची व घटना का मौका निरीक्षण करने के बाद दोनों के शव को आबूरोड मोर्चरी में लाकर रखवाया एवं दोनों मृतकों के परिजनों को इसकी सूचना दी। रीको पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लादूराम पुत्र छगनलाल जाति लोहार निवासी डांग खेडा जिला भीलवाडा व मदनलाल पुत्र वर्दीचंद निवासी बोडा जिला राजसमंद वासडा गांव में पवन अग्रवाल के घर पर फर्नीचर बनाने का कार्य कर रहे थे घर में लगी एक लोहे की ग्रिल खोलने के दौरान ग्रिल घर के पास से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन पर जा गिरी जिसके चलते दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम करवाने के बाद दोनों के शव परिजनों को अंतिम संस्कार हेतु सुपुर्द किए।

### बाड़मेर पुलिस ने जागरूकता रैली निकाली

**बाड़मेर, (निसं)।** कोरोना की तीसरी लहर की दस्तक के चलते बाड़मेर पुलिस ने एक बार फिर कमर कस ली है। बुधवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरपतसिंह जैतावत के नेतृत्व में पुलिस ने शहर के विभिन्न इलाकों में वाहनों के जरिये रैली निकालते हुए आमजन को कोविड गाइड लाइन की पालना करने का संदेश देते हुए जागरूकता अभियान चलाया। अहिंसा सर्किल से निकली यह रैली स्टेशन रोड, गांधी चौक, तनसिंह सर्किल, रॉय कॉलोनी, विश्वकर्मा सर्किल आदि इलाको से होते हुई गुजरी तथा आमजन से कोविड गाइड लाइन पालना करने की अपील की। इस दौरान वृताधिकारी आनंदसिंह, डिप्टी एससी एसटी सेल पुष्पेंद्र आ?ा,सदर थानाधिकारी अनिल कुमार, महिला थानाधिकारी राम प्रताप सिंह,ग्रामीण थानाधिकारी परबत सिंह,यातायात प्रभारी डिम्पल कुंवर सहित महिला पुलिस स्क्वाड व पुलिस कर्मी साथ रहे।

### गौशाला के लिए भूखण्ड दान किया

**बाड़मेर, (निसं)।** जांगिड महिला मंडल बाड़मेर की महिला सदस्यों ने मिलकर उत्तरलाई रोड़ पर लालाणियों की ढाणीं स्थित पथमेडा गौशाला में गौवंश के उपचार के लिए एक भूखण्ड के लिए तीन लाख रुपये की राशि भेंट की। जांगिड समाज की डेढ़ सौ महिलाओं ने मिलकर अंशदान करके इस राशि को एकत्र किया और तीन लाख रुपये का चैक गौशाला संचालकों को सुपूर्द किया। इस अवसर पर जांगिड महिला मंडल की अध्यक्ष मगीदेवी ने कहा कि मंडल की महिलाएं जीवदया और मानव सेवा से जड़े कार्यों में गत कई वर्षों से सक्रिय भूमिका निभा रही है। इस दौरान गौशाला के संचालकों ने जाँगिड महिला मंडल की इस पहल का आभार व्यक्त करते हुए इसे अनुकरणीय बताया। इस मौके पर मगीदेवी, दमयन्ती देवी, हस्तु देवी, हउआ देवी, अक्लों देवी, रेखा देवी, हउआ देवी, रूखमों देवी, निर्मला देवी, नारायणदास व प्रवीण कुमार समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# इन्वेस्ट बाड़मेर समिट में 3436 करोड़ रुपए के एम.ओ.यू. व एल.ओ.आई. हुए

**बाड़मेर, (निसं)।** बालोतरा में लाल बाग रिसोर्ट में आयोजित इन्वेस्ट बाड़मेर समिट में 3436 करोड़ रूपए के एमओयू और एलओआई हुए, जिससे करीब 11 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा एवं जिले का चहुमुखी विकास होने की उम्मीद बंधी है।

समिट में श्रम एवं कारखाना मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री सुखराम विश्नोई बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। उन्होंने समिट में पहुंचे उद्यमियों का उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान विधायक मदन प्रजापत, रीको के निदेशक सुनील परिहार, सम्भागीय आयुक्त एवं जिले के प्रभारी सचिव राजेश शर्मा, जिला कलेक्टर लोक बंधु भी मौजूद रहे।

इस मौके पर प्रभारी मंत्री विश्नोई ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में शुरू किया गया इन्वेस्ट राजस्थान एक औद्योगिक क्रान्ति है, जिसके सफल होने से प्रदेश में करोडों का निवेश आएगा और हमारा प्रदेश अन्य प्रदेशों से बढ़त हासिल करेगा।



बालोतरा में इन्वेस्ट बाड़मेर समिट में करोड़ों रुपए का एम.ओ.यू. हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

इससे न सिर्फ प्रदेश और जिले का चंहुमुखी विकास होगा, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगारों का सृजन भी होगा।

इन्वेस्ट बाड़मेर समिट से उद्योग मंत्री शकुन्तला रावत भी वर्चुअल माध्यम से जुडी और जिले में प्राप्त हो रहे निवेश को लेकर अपनी प्रसन्नता जाहिर की एवं वन स्टॉप शॉप के जरिये सभी निवेश प्रस्तावों को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित करने की मंशा जाहिर की। उन्होंने जिले में निवेश करने वाले उद्यमियों को शुभकामनाए दी।

इस दौरान श्रम मंत्री तथा प्रभारी मंत्री सुखराम विश्नोई, विधायक मदन प्रजापत, संभागीय आयुक्त एवं प्रभारी सचिव डॉ. राजेश शर्मा, रीको के निदेशक सुनील परिहार, जिला कलक्टर लोक बंधु, रिफाइनरी एवं रीकों के अधिकारियों की मौजूदगी में टैक्सटाईल, होटल, वाटर, सोलर, प्लास्टिक प्रोडक्ट से जु? करो?ं रूपये के एमओयू एवं एलओआई पत्र सुपुर्द किए गए।

इन्वेस्ट बाड़मेर में 3436 करोड़ के एमओयु और एलओआई :- इन्वेस्ट बाड़मेर समिट में निवेश प्रस्तावों के कुल 3436 करोड़ के 75 एमओयु और 20 एलओआई प्राप्त हुए हैं। जिनमें मै0 कांकरिया टैक्सटाइल इण्ड.प्रा.लि. द्वारा डिजिटल प्रिन्टिंग के क्षेत्र में 500 करोड़, सोलथेरम एनर्जी सोलूसन प्रा.लि. द्वारा सोलर थर्मल पॉवर प्लान्ट एण्ड मशीनरी के क्षेत्र में 500 करोड़, मै0 सेन्चूरी कॉटन प्रा.लि. बालोतरा द्वारा पॉवरलूम क्षेत्र में 100 करोड़, मै0 नवकार ग्रूप ऑफ इण्डिस्ट्रीज द्वारा टेक्सटाइल विविंग युनिट के क्षेत्र में 50 करोड, मै0 डेजर्ट विंग पेट्रोकेम प्रा.लि. द्वारा पेट्रो केमिकल प्रोजेक्ट के क्षेत्र में 10 करोड, वेदान्ता द्वारा सेक्टर सोसियल एक्टीविटिज क्षेत्र में 30 करोड, राजटैक द्वारा हॉस्पीलिटी क्षेत्र में 20 करोड़, ट्रांजेक्ट ग्रीन पॉवर द्वारा विला हाउसिंग क्षेत्र में 30 करो?, सर्वेश्वर कोटस्प्रीन राजेश जिन्दल द्वारा 40 करोड़, हितेश कोटडिया द्वारा जीरा प्रोसेसिंग क्षेत्र में 100 करोड़, जोगेन्द्र सिंह द्वारा होटल कॉम्पलेक्स प्लास्टिक इण्डस्ट्री क्षेत्र में 45 करोड़, मिहिरा होटल एण्ड रिसोर्ट शेलेन्द्र सिंह द्वारा 19 करोड़ शामिल है।

## स्वच्छ भारत मिशन पर चर्चा की

**धोरीमन्ना, (निसं)।** बाड़मेर जिले के दौरे पर आए हुए आईएएस टीम के साथ बुधवार को उपखंड मुख्यालय धोरीमना स्थित डाक बंगला में मुलाकात कर स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित की जा रही विभिन्न गतिविधियों को लेकर के राज्य संदर्भ प्रतिनिधि डी.आर.गोयल ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

गोयल ने सहभागी चर्चा में बताया कि स्वच्छ भारत मिशन केंद्र से लेकर के ग्रामीण स्तर तक संचालित हो रहा है। सर्वप्रथम इस अभियान के तहत खुले से शौचमुक्ति का मिशन सफलतापूर्वक पूरा किया।

इसके बाद खुले में शौच मुक्ति के स्थायित्व को लेकर के विभिन्न गतिविधियों को ग्रामीण स्तर तक संचालित करने का कार्य भी किया। जिसके लिए जिला, ब्लॉक तथा पंचायत की पूरी टीम ने अपने अपने स्तर पर अच्छा कार्य किया। उसके बाद अभी ओडीएफ प्लस के अंतर्गत ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन को लेकर के राज्य से लेकर के जिला तथा ग्राम पंचायत स्तर तक विस्तृत कार्य योजना की रूपरेखा तैयार की जा चुकी है। आवश्यकतानुसार पंचायत तथा ब्लॉक मुख्यालय पर कचरा संग्रहण केंद्र का निर्माण किया जाएगा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत विशेष शिविर संपन्न



सिवाना के उच्च माध्यमिक विद्यालय में एन.एस.एस. शिविर का समापन समारोह आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**सिवाना,(निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिटी परिसर सिवाना में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत विशेष शिविर का समापन समारोह बुधवार को आयोजित हुआ।

इससे पूर्व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिटी परिसर की साफ सफाई की गई। व गोद बस्ती नाथजी मठ के परिक्षेत्र की साफ सफाई की गई तथा पेड़ पौधों की सुखी पतियों को एकत्रित कर एक गड्ढे में डाला गया तथा स्वयं सेवकों तथा स्वयं सेविकाओं द्वारा भोजन तैयार किया गया। जिसमें मारवाड की प्रसिद्ध हल्दी की सब्जी बनाई गई। समापन समारोह में मठ के महंत अमराईनाथ ने सभी को ध्यान केंद्रित करते हुए जीवन के लक्ष्य की और आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हनवंतसिंह भायल ने श्रम की महत्ता के बारे में बताया। कांग्रेस ओबीसी ब्लॉक उपाध्यक्ष मोहनलाल माली ने उत्तरोत्तर आगे बढ़ने, मेहनत के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर व्याख्याता पुखराज ओझा, अनिल कुमार सोनी , जबरसिंह भायल , मुकन्दर गौरी चैनसिंह चारण, गिरधारीराम, मोहनलाल सरगरा, हनवंतसिंह महेचा, मनोज शर्मा, उपस्थित थे। कार्यक्रम अधिकारी वेलाराम कुम्हार ने आभार किया।

## जन जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ

**जालोर, (कासं)।** चिकित्सा विभाग जालोर की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत बुधवार को जिले में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. असीम परिहार ने बताया की राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार जिले में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत क्षय रोग के प्रति जन जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ किए गए है। यह अभियान 9 जनवरी तक चलाया जायेगा। इन जन जागरूकता कार्यक्रम में धर्म गुरुओं की जागरूकता सभा, मेरी पंचायत होगी टीबी मुक्त सभा, नुक्कड़ नाटक आदि गतिविधियों का आयोजन कर समुदाय को टीबी रोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। क्षय पर्यवेक्षक सुरेश राठौर ने बताया की इसी संदर्भ में बुधवार को सायला के बाकरा ग्राम पंचायत में मेरी पंचायत टीबी मुक्त सभा का आयोजन सरपंच भेरू सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे चिकित्साधिकारी डॉ. अल्का ने क्षय रोग के लक्षण के बारे में जानकारी देते हुए बताया की लगातार खांसी, बुखार, भूख ना लगना, लगातार वजन कम होना, बलगम में खून आना आदि लक्षण यदि दिखाई दे तो वो लक्षण क्षय यानी टीबी रोग के हो सकते है। टीबी रोग की जांच जिले के प्राथमिक एवं सामुदायिक केंद्र पर निःशुल्क की जाती है साथ ही अत्याधुनिक मशीन सीबीनाट तथा ट्रूनाट द्वारा भी टीबी एवं गंभीर टीबी का निदान किया जाता है।

## आदर्श स्कूल में अभिभावक सम्मेलन



जालोर के आदर्श विद्या मंदिर में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर, (कासं)।** स्थानीय आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक जालोर में बुधवार को नगर के सभी विद्या मंदिरों का सामूहिक अभिभावक सम्मेलन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ आगन्तुक अतिथियों के द्वारा माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात विद्या मंदिर के छात्रों द्वारा माँ शारदा की वंदना की गई।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिवप्रसाद संगठन मंत्री विद्या भारती राजस्थान क्षेत्र ने अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बालकों के विकास में माता व पिता दोनों की समान सहभागिता होती हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा 1 से 5 वर्ष तक के बच्चों को कभी डॉटना नहीं चाहिए, 6से 15 वर्ष के बच्चों पर पूरी नजर रखनी चाहिए तथा इससे बडी उम्र के बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करना चाहिए।

उन्होंने प्राथमिक शिक्षा मातृ भाषा में देने पर जोर देने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता डाँ प्रकाश विश्नोई हड्डी रोग विशेषज्ञ ने की तथा अन्त में बालिका विद्यालय के संरक्षक मोहनलाल मुणोत ने सभी आगन्तुकों का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर उच्च माध्यमिक विद्यालय के व्यवस्थापक जगदीश प्रसाद दवे व बालिका विद्यालय के व्यवस्थापक गणपतलाल सोनी, जिला सचिव अजय कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य नितिन कुमार ठाकुर, बीना शर्मा, गायत्री देवी, शशिबाला राठौड़, दिलीप दवे व समस्त आचार्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुकेशचन्द्र माथुर ने किया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**जालोर, (कासं)।** एनएसएस विशिष्ट शिविर के तृतीय दिन बुधवार को वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,जालोर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज हुआ। जिसमें एनएसएस की प्रत्येक इकाई के प्रभारी विक्रम टांक, ललिता यादव एवं रीनु कुमारी ने अपनी - अपनी ईकाईयों को सम्बोधित करते हुए बताया कि मानव जीवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रत्येक व्यक्ति के व्यक्तिगत को निखार सकता है। इसी क्रम में एनएसएस स्वयं सेवकों सेवाराम देवासी ने भ्रष्टाचार के प्रभाव पर अपने विचार व्यक्त किया। सिद्धि कंवर ने सोशल मीडिया के दूष्प्रभाव के बारे मे बताया।


आबूरोड में श्री दशा मां सेवा ग्रुप ने भाख क्षेत्र के ग्रामीण स्कूलों व गावों में जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए उनी वस्त्र वितरित किये। इस अवसर पर ग्रुप व्यवस्थापक कैलाशचन्द्र जीनगर, ललीता परमार ओमप्रकाश दाना, दिनेश जीनगर परमात्माराम, सुरेश प्रजापत, शंकर प्रजापत, गोरव जीनगर, वजाराम देवासी, संस्था प्रधान दिनेश कुमार घांटियाफली एवं अर्जुनराम पीपरमाल उपस्थित थे। फोटो-राष्ट्रदूत

## जालोर में रिमझिम बारिश से सर्दी तेवर हुए तीखे

**जालोर, (कासं)।** जालोर में दिनभर रिमझिम बारिश के चलते सर्दी ने अपने तेवर दिखने शुरू कर दिये। रिमझिम बारिश के चलते सड़को पर पानी नजर आने लगा। वही बारिश के साथ सर्द हवा ने ठिठूरन बढ़ा दी।

जालोर में बुधवार सुबह से आसमान में बादल छाने के साथ प्रातः करीब साढे ग्यारह बजे हल्की बुंदाबादी का सिलसिला शुरू हुआ। बूंदाबादी के साथ रिमझिम बारिश होने से सड़को पर पानी नजर आने लगा। वही बारिश के साथ सर्द हवा के चलते लोग सर्दी से बचने का जतन करते नजर आये। दिनभर रिमझिम बारिश तो कभी तेज बारिश का दौर जारी रहा। बारिश के बाद शाम को सर्दी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। वही लोग अलाव जलाकर सर्दी से बचने का प्रयास करते नजर आये। वही बुधवार को दिनभर रिमझिम बारिश होने से लोगो की दिनचर्या ही बदल गई। लोगो ने गर्मा गरम व्यंजनो का सेवन कर सर्दी से बचाव का प्रयास किया। वही गर्म कपड़ो में लिपटे नजर आये। शाम को सर्दी बढ़ने के साथ बाजारो में सन्नाटा नजर आया। सर्द बढ़ने से लोग घरो में दुबके नजर आये। तेज सर्दी बढ़ने से तापमान में एकदम गिरावट देखी गई।

**सिवाना संवाददाता के अनुसार:** सिवाना कस्बे में बुधवार को अल सुबह से ही आसमान में बादलों ने डेरा डाले रखा। सुबह के दौरान सर्दी के मौसम में कभी तेज तो कभी हल्की बारिश का दौर अचानक शुरू होने से मौसम का मिजाज बदल गया। तथा शीत लहर का प्रकोप भी चलने लग गया। बारिश का पानी सड़कों पर बहता हुआ नजर आया।

जिसके कारण जगह जगह मुख्य मार्गो पर बारिश के पानी का भराव हो गया। वही कही गली मोहल्लों मे बारिश के कारण कीचड़ फेल गया। दिनभर आसमान में बादल मंडराते रहे। दोपहर को हल्की बूंदाबांदी के बाद शाम को लगभग 4 बजे अचानक तेज बारिश का दौर फिर से शुरू हो गया। बारिश का दौर कुछ मिनटों तक चलता रहा। बारिश से बचने के लिए ग्रामीणों ने छाते व ऊनी वस्त्रों का उपयोग किया।

# मकावल में सास बहू सम्मेलन आयोजित

**मंडार, (निसं)।** मंडार के निकट मकावल में बुधवार को आशा सहयोगिनी कि ओर से सास बहू सम्मेलन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के एचडीबीएफएस कार्य म के अंतर्गत एवं महिला एवं बाल विकास विभाग तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अग्रवाल समाज मकावल में बुधवार को सास बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन में निकटवर्ती दौलपुरा, रामपुरा खेडा व बूटडी गांव की महिलाओं ने भाग लिया। .

कार्यक्रम में आशा सहयोगिनी निकिता जोशी ने बताया कि कार्य म में मुख्य अतिथि सरपंच पवनी देवी के मुख्य सानिध्य तथा डॉक्टर ईश्वर सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

ममता संस्था के प्रोग्राम ऑफिसर प्रवीण बिश्नोई ने बताया कि इस अवसर पर सास व बहुओ को आशा व एएनएम द्वारा अलग-अलग गतिविधि करवाई गई। एएनएम और आशा सहयोगिनियों ने खुलकर गांवों में रहने वाली सास बहुओं से चर्चा कर सास बहुओं को समझा रही हैं कि छोटा परिवार होने से क्या फायदे हो सकते हैं।

वहीं एएनएम व आशा सहयोगिनी सास बहुओं को उनकी ही भाषा और लहजे में समझा रही हैं कि वो अपना परिवार छोटा किस प्रकार रख सकतीं हैं, किन साधनों का प्रयोग कर सकती हैं तथा साथ ही उनकी सास भी अपनी बहू को परिवार छोटा रखने के फैसले का स्वागत करें और उनका मानसिक रूप से सहयोग करें।


मंडार के पास मकावल में आयोजित सास बहू सम्मेलन में महिलाओं की भीड़ रही। फोटो-राष्ट्रदूत

ममता संस्था से प्रोग्राम ऑफिसर प्रवीण कुमार बिश्नोई ने बताया कि कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम एवं बैलून प्रतियोगिता चार्ट लेखन सहित मेहंदी प्रतियोगिता एवं म्यूजिक चेयर का आयोजन किया गया।

प्रथम आने वाले लाभार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

जिला प्रबंधक वंदना जोनवाल ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में ब्लॉक के आसपास की आंगनवाडी केंद्रों से सास एवं बहूओ ने भाग लिया।

इस अवसर पर संस्था से सुनीता बैरवा, एएनएम पालू विश्नोई, आंगनवाडी कार्यकर्ता चंदा देवी, लक्ष्मी देवी, सुखी देवी, ममता वॉलिंटियर चंदूलाल राणा, आशा ब्लॉक समन्वयक सुरेश कुमार, ममता संस्था से जिला प्रबंधक वदना जोनवाल, पूर्व वार्डपंच सुरेश जोशी व वार्ड पंच कनका देवी ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत सरूपगंज में हुई कार्यवाही

**सरूपगंज, (निसं)।** राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत बुधवार को सरूपगंज में पुलिस प्रशासन व मेडिकल टीम की संयुक्त कार्रवाई के तहत अधिकारियों ने घी व मावे के सेंपल लिए।जानकारी के अनुसार सरूपगंज में शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के पिंडवाड़ा एसडीएम हसमुख कुमार, पिंडवाडा डीएसपी जेठूसिंह करणोत , खाद्य निरीक्षक विनोद शर्मा की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए सरूपगंज में भावरी रोड पर शिवशक्ति जोधपुर मिष्ठान भंडार पर घी व मावे के सैंपल लिए गए।

